Majusi Ka Qabule Islam (Hindi)

मजूसी का क़बूले इस्लाम

- म-दनी बहारों की अहम्मिय्यत
- म-दनी बहारों की वेबसाइट का मुख़्तसर तआ़रुफ़
- म-दनी बहारें बयान करने की एह़तियातें
- म-दनी बहारें बयान करने की निय्यतें

(دعوت اسلامی)
शो'बए अमीरे अह्ले सुन्नत

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ط بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

किताब पढ़ने की दुआ

अज़ : शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

दीनी किताब या इस्लामी सबक़ पढ़ने से पहले जै़ल में दी हुई दुआ पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ जो कुछ पढ़ेंगे याद रहेगा। दुआ येह है :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ
عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

तरजमा : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम पर इ़ल्मो ह़िक्मत के दरवाज़े खोल दे और हम पर अपनी रह़मत नाज़िल फ़रमा ! ऐ अ़-ज़मत और बुज़ुर्गी वाले। (المُستطرَف ج١ص٤٠دارالفكر بيروت)

नोट : अव्वल आख़िर एक एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ लीजिये।

त़ालिबे ग़मे मदीना
व बक़ीअ़
व मग़्फ़िरत
13 शव्वालुल मुकर्रम 1428 हि.



क़ियामत के रोज़ ह़सरत

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : सब से ज़ियादा ह़सरत क़ियामत के दिन उस को होगी जिसे दुन्या में इ़ल्म ह़ासिल करने का मौक़अ़ मिला मगर उस ने ह़ासिल न किया और उस शख़्स को होगी जिस ने इ़ल्म ह़ासिल किया और दूसरों ने तो उस से सुन कर नफ़्अ़ उठाया लेकिन इस ने न उठाया (या'नी उस इ़ल्म पर अ़मल न किया)।

(تاريخ دمشق لابن عساكر ج٥١ص١٣٨دارالفكر بيروت)

किताब के ख़रीदार मु-तवज्जेह हों

किताब की त़बाअ़त में नुमायां ख़राबी हो या सफ़ह़ात कम हों या बाइन्डिंग में आगे पीछे हो गए हों तो **मक-त-बतुल मदीना** से रुजूअ़ फ़रमाइये।

www.dawateislami.net

मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

येह रिसाला (**मजूसी का क़बूले इस्लाम**)

मजलिसे **अल मदीनतुल इल्मिय्या** ने **उर्दू** ज़बान में मुरत्तब किया है। मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी) ने इस रिसाले को **हिन्दी** रस्मुल ख़त़ में तरतीब दे कर पेश किया है और **मक-त-बतुल मदीना** से शाएअ़ करवाया है।

इस रिसाले को हिन्दी रस्मुल ख़त़ में तरतीब देते हुए दर्जे ज़ैल मुआ़-मलात को पेशे नज़र रखने की कोशिश की गई है **:**

(1) क़रीबुस्सौत (या'नी मिलती जुलती आवाज़ वाले) हुरूफ़ के आपसी इम्तियाज़ (या'नी फ़र्क़) को वाज़ेह़ करने के लिये हिन्दी के चन्द मख़्सूस हुरूफ़ के नीचे डॉट (.) लगाने का खुसूसी एहतिमाम किया गया है। मा'लूमात के लिये "**हुरूफ़ की पहचान**" नामी चार्ट मुला-ह़ज़ा फ़रमाइये।

(2) जहां जहां तलफ़्फ़ुज़ के बिगड़ने का अन्देशा था वहां तलफ़्फ़ुज़ की दुरुस्त अदाएगी के लिये जुम्लों में डेश (-) और साकिन ह़र्फ़ के नीचे खोड़ा (्) लगाने का एहतिमाम किया गया है।

(3) उर्दू में लफ़्ज़ के बीच में जहां ع साकिन आता है उस की जगह हिन्दी में सिंगल इन्वर्टेड कोमा (') इस्ति'माल किया गया है। म-सलन دَعوت، اِستعمال (दा'वत, इस्ति'माल) वग़ैरा।

इस रिसाले में अगर किसी जगह कमी बेशी या ग़-लत़ी पाएं तो मजलिसे तराजिम को (ब ज़रीअ़ए मक्तूब, E-mail या SMS) मुत्त़लअ़ फ़रमा कर सवाब कमाइये।

हुरूफ़ की पहचान

फ = پھ	प = پ	भ = بھ	ब = ب	अ = ا
स = ث	ठ = ٹھ	ट = ٹ	थ = تھ	त = ت
ह़ = ح	छ = چھ	च = چ	झ = جھ	ज = ج
ढ = ڈھ	ड = ڈ	ध = دھ	द = د	ख़ = خ
ज़ = ز	ढ़ = ڑھ	ड़ = ڑ	र = ر	ज़ = ذ
ज़ = ض	स = ص	श = ش	स = س	ज़ = ژ
फ़ = ف	ग़ = غ	अ़ = ع	ज़ = ظ	त़ = ط
घ = گھ	ग = گ	ख = کھ	क = ک	क़ = ق
ह = ہ	व = و	न = ن	म = م	ल = ل
ई = اِی / ئ	इ = اِ	ऐ = اے	ए = ے	य = ی

राबित़ा : मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

मक-त-बतुल मदीना, सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने,

तीन दरवाज़ा, अह़मदआबाद-1, गुजरात

MO. 9374031409 ´E-mail : translationmaktabhind@dawateislami.net

www.dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

दुरूदे पाक की फ़ज़ीलत

शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्त़ार** क़ादिरी र-ज़वी ज़ियाई دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه अपनी मुनाजातों, ना'तों और मन्क़बतों के मुअ़त्त़र व मुअ़म्बर म-दनी गुलदस्ते **''वसाइले बख़्शिश''** में दुरूदे पाक की फ़ज़ीलत नक़्ल फ़रमाते हैं कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के मह़बूब, दानाए ग़ुयूब, मुनज़्ज़हुन अ़निल उ़यूब صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने अ़-ज़मत निशान है : जिस ने दिन और रात में मेरी त़रफ़ शौक़ व मह़ब्बत की वज्ह से तीन तीन मर्तबा दुरूदे पाक पढ़ा **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ पर ह़क़ है कि वोह उस के उस दिन और रात के गुनाह बख़्श दे।

(الترغیب والترھیب، ۲/۳۲۸، حدیث: ۲۳)

صَلُّوْا عَلَى الْحَبِيْب! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

म-दनी बहारों की अहम्मिय्यत

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! तारीख़ और सीरते बुज़ुर्गाने दीन की कुतुब के मुत़ा-लए से एक बात वाज़ेह़ होती है कि कई ऐसी बुज़ुर्ग हस्तियां जिन का ज़िक्र करना सआ़दत मन्दी समझा जाता है, उन के मक़ामे विलायत के आ'ला द-रजों पर फ़ाइज़ होने से पहले के वाक़िआ़त को दर्स व नसीह़त के लिये मु-तअ़द्दद

www.dawateislami.net

कुतुब में बयान किया गया है ताकि लोग इन से दर्स हासिल करें और अपनी क़ब्रो आख़िरत की तय्यारी में मश्ग़ूल हो जाएं, इन्ही **औलियाउल्लाह** में ह़ज़रते सय्यिदुना इब्राहीम बिन अदहम عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْاَكْرَم, ह़ज़रते सय्यिदुना बिश्रे ह़ाफ़ी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْكَافِى, ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इ़याज़ رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه और ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَفَّار जैसी बुलन्द पाया हस्तियां भी शामिल हैं। शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने **ह़ज़रते मालिक बिन दीनार** عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَفَّار की ज़िन्दगी में बरपा होने वाले म-दनी इन्क़िलाब को अपने रिसाले **"नेक बनने का नुस्ख़ा"** में भी नक़्ल फ़रमाया है।

ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْغَفَّار से किसी ने उन की तौबा का सबब पूछा तो फ़रमाया : मैं महकमए पोलीस में सिपाही था, गुनाहों का आ़दी और पक्का शराबी था। मेरी एक ही बच्ची थी उस से मुझे बेह़द प्यार था। वोह दो[2] साल की उ़म्र में फ़ौत हो गई, मैं ग़म से निढाल हो गया। इसी साल जब शबे बराअत आई मैं ने नमाज़े इ़शा तक न पढ़ी, ख़ूब शराब पी और नशे ही में मुझे नींद ने घेर लिया। मैं ख़्वाब की दुन्या में पहुंच गया, क्या देखता हूं कि मह़शर बरपा है, मुर्दे अपनी अपनी क़ब्रों से उठ कर जम्अ़ हो रहे हैं, इतने में मुझे अपने पीछे सर-सराहट मह़सूस हुई, मुड़ कर जो देखा तो एक **क़दआवर सांप** मुंह खोले मुझ पर ह़म्ला आवर होने वाला था! मैं घबरा कर भाग खड़ा हुवा, सांप भी मेरे पीछे पीछे दौड़ने

www.dawateislami.net

लगा, इतने में एक नूरानी चेहरे वाले **कमज़ोर बुज़ुर्ग** पर मेरी नज़र पड़ी, मैं ने उन से फ़रियाद की, तो उन्हों ने फ़रमाया : ''मैं बेहद कमज़ोर हूं आप की मदद नहीं कर सकता।'' मैं फिर तेज़ी के साथ भागने लगा, सांप भी बराबर तआ़क़ुब में था, दौड़ते दौड़ते मैं एक टीले पर चढ़ गया, टीले के उस त़रफ़ **ख़ौफ़नाक आग** शो'लाज़न थी और काफ़ी लोग उस में जल रहे थे, मैं उस में गिरने ही वाला था कि आवाज़ आई : ''पीछे हट जा तू इस आग के लिये नहीं है।'' मैं ने अपने आप को संभाला और पलट कर दौड़ने लगा और **सांप** भी पीछे पीछे था, वोही **कमज़ोर बुज़ुर्ग** मुझे फिर मिल गए और रो कर फ़रमाने लगे : ''अफ़्सोस ! मैं बहुत ही कमज़ोर हूं आप की मदद नहीं कर सकता, वोह देखिये सामने जो **गोल पहाड़** है वहां मुसल्मानों की ''अमानतें'' हैं, वहां तशरीफ़ ले जाइये, अगर आप की भी वहां कोई अमानत हुई तो اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ रिहाई की कोई सूरत निकल आएगी।'' मैं गोल पहाड़ पर पहुंचा, वहां दरीचे बने हुए थे, उन दरीचों पर रेशमी पर्दे लटक रहे थे, दरवाज़े **सोने** के थे और उन में **मोती** जड़े हुए थे। फ़िरिश्ते ए'लान फ़रमाने लगे : ''पर्दे हटा दो, दरवाज़े खोल दो, शायद इस परेशान ह़ाल की कोई ''अमानत'' यहां मौजूद हो, जो इसे सांप से बचा ले।'' दरीचे खुल गए और बहुत सारे बच्चे चांद से चेहरे चमकाते झांकने लगे, उन ही में मेरी फ़ौत शुदा दो सालह **बच्ची** भी थी, मुझे देख कर वोह रो रो कर चिल्लाने लगी : ''ख़ुदा

www.dawateislami.net

की क़सम ! येह तो मेरे अब्बूजान हैं,'' फिर ज़ोरदार छलांग लगा कर वोह मेरे पास आ पहुंची और अपने बाएं हाथ से मेरा दायां हाथ थाम लिया। येह देख कर वोह **क़दआवर सांप** पलट कर भाग खड़ा हुवा, अब मेरी जान में जान आई, बच्ची मेरी गोद में बैठ गई और सीधे हाथ से मेरी दाढ़ी सहलाते हुए उस ने पारह 27 **सू-रतुल ह़दीद** की 16वीं आयत का येह जुज़ तिलावत किया :

اَلَمْ یَاْنِ لِلَّذِیْنَ اٰمَنُوْۤا اَنْ تَخْشَعَ قُلُوْبُهُمْ لِذِكْرِ اللّٰهِ وَمَا نَزَلَ مِنَ الْحَقِّ ۙ

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : क्या ईमान वालों को अभी वोह वक़्त न आया कि उन के दिल झुक जाएं **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) की याद और उस ह़क़ (या'नी कुरआने पाक) के लिये जो उतरा।

अपनी बच्ची से येह आयते करीमा सुन कर मैं रो पड़ा। मैं ने पूछा : बेटी वोह **क़दआवर सांप** क्या बला थी ? कहा : वोह आप के बुरे आ'माल थे जिन को आप बढ़ाते ही चले जा रहे हैं। **क़दआवर सांप** नुमा बद आ'मालियां आप को जहन्नम में पहुंचाने के दरपै हैं। पूछा : वोह **कमज़ोर बुज़ुर्ग** कौन थे ? कहा : वोह आप की नेकियां थीं चूंकि आप नेक अ़मल बहुत कम करते हैं लिहाज़ा वोह बेह़द कमज़ोर हैं और आप की बुराइयों का मुक़ाबला करने से क़ासिर हैं। मैं ने पूछा : तुम यहां पहाड़ पर क्या करती हो ? कहा : ''मुसल्मानों के फ़ौत शुदा बच्चे यहीं मुक़ीम हो कर क़ियामत का इन्तिज़ार करते हैं, हमें अपने वालिदैन का इन्तिज़ार है कि वोह आएं तो हम उन की शफ़ाअ़त करें।'' फिर

www.dawateislami.net

मेरी आंख खुल गई, मैं इस ख़्वाब से सहम गया था, اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ मैं ने अपने तमाम गुनाहों से रो रो कर तौबा की ।

(روضُ الرّیاحین، ص۱۷۳)

صَلُّوْا عَلَی الْحَبِیْب! صَلَّی اللّٰهُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने हर इन्सान को फ़ित्रते सलीमा पर पैदा फ़रमाया है और उसे क़ल्बे सलीम की ने'मत से नवाज़ा है मगर मां बाप से मिलने वाली तरबिय्यत, असातिज़ा और मुआ़-शरे में रहने वाले लोगों की सोह़बत उसे निखार देती है या बिगाड़ देती है । फ़ी ज़माना अच्छी सोह़बतें कमयाब और बुरी सोह़बतें आ़म होती जा रही हैं । इसी वज्ह से लोग मुख़्तलिफ़ गुनाहों में गिरिफ़्तार और क़ुरआनो सुन्नत की ता'लीमात से ग़फ़्लत का शिकार नज़र आते हैं, मगर बारहा देखा गया है कि जब कोई बेदार दिल शख़्स उन्हें ख़्वाबे ग़फ़्लत से बेदार करता है और उन्हें ज़िन्दगी के मक़्सद से आशना करता है तो वोह अपने गुनाहों से ताइब हो जाते और तोशए आख़िरत जम्अ़ करने में मश्ग़ूल हो जाते हैं । आज के इस पुर फ़ितन दौर में जब कि लोग दुन्या की मह़ब्बत में गिरिफ़्तार हैं, यादे इलाही से ग़ाफ़िल हैं, फ़ेशन परस्ती की त़रफ़ माइल हैं, दुन्या ही के ह़ुसूल को मक़्सदे ह़यात समझ बैठे हैं और इसी की त़लब में अपनी ज़िन्दगी बसर कर रहे हैं, ऐसे नाज़ुक ह़ालात में اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने बुज़ुर्गाने दीन के नक़्शे क़दम पर चलते हुए

www.dawateislami.net

नेकी की दा'वत आ़म करने का बीड़ा उठाया और तब्लीग़े क़ुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक दा'वते इस्लामी की सूरत में म-दनी तह़रीक का आग़ाज़ फ़रमाया, जिस के तह़्त काम करने वाले मुख़्तलिफ़ शो'बाजात आप دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه के फ़रमूदात की रोशनी में दिन रात काम कर रहे हैं और उम्मत की इस्लाह़ और इन्सानिय्यत की फ़लाह़ के लिये दुन्या भर में अपनी ख़िदमात सर अन्जाम दे रहे हैं।

अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه के असर अंगेज़ बयानात और दिल में म-दनी इन्क़िलाब बरपा करने वाली तह़रीरात ने मा'सियत व गुमराही के अंधेरों में सुन्नतों का उजाला कर दिया है। आप دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه की इस्लाही सरगर्मियों के सबब लाखों लाख मुसल्मानों की ज़िन्दगियों में म-दनी इन्क़िलाब बरपा हो गया, उन की बिगड़ी ह़ालतें संवर गईं, सौमो सलात की पाबन्दी और गुनाहों से कनारा कशी की तौफ़ीक़ मिल गई, क़त्लो ग़ारत गरी, डाका ज़नी और चोरी चकारी से भी तौबा नसीब हो गई।

दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल की ब-र-कत से जिन बे अ़मल मुसल्मानों को अ़मल का जज़्बा मुयस्सर आ गया या कुफ़्र की वादियों में भटक्ने वालों को गुलशने इस्लाम मिल गया या किसी शख़्स को ख़ातिमा बिलख़ैर नसीब हो गया तो ऐसे ख़ुश नसीब इस्लामी भाइयों की म-दनी बहारें तह़रीर की सूरत में दा'वते इस्लामी के आ़लमी म-दनी मर्कज़ फ़ैज़ाने मदीना

www.dawateislami.net

भेजी जाती हैं जहां मजलिसे "**अल मदीनतुल इल्मिय्या**" के तह़्त क़ाइम शो'बए "अमीरे अहले सुन्नत" में उन म-दनी बहारों पर काम किया जाता है और ज़रूरी तरमीम के बा'द मुख़्तलिफ़ मौज़ूआ़त की सूरत में इन्हें शाएअ़ किया जाता है, ताकि लोगों के लिये नसीह़त का सामान हो, वोह भी गुनाहों से बचें और क़ब्रो आख़िरत की तय्यारी करें। अब तक बे शुमार इस्लामी भाइयों की म-दनी बहारें छप कर मुश्तहर हो चुकी हैं और बहुत सी मुरत्तब होने के मराह़िल में हैं। اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ इन म-दनी बहारों की बदौलत नौ जवानों की ज़िन्दगियों में म-दनी इन्क़िलाब बरपा हो रहा है। मु-तअ़द्दद म-दनी बहारें ऐसी मौसूल हुईं जिन में म-दनी बहार पढ़ने या सुनने या ब ज़रीअ़ए म-दनी चेनल इस्लामी भाइयों को अपनी म-दनी बहारें बयान करते हुए देखने की ब-र-कत से दिल में म-दनी इन्क़िलाब बरपा होने, गुनाहों भरी ज़िन्दगी से ताइब होने और दा'वते इस्लामी के सुन्नतों भरे म-दनी माह़ोल से वाबस्ता होने के बारे में लिखा हुवा था। اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ यूं म-दनी बहारें भी म-दनी बहार ला रही हैं, म-दनी बहारों की अहम्मिय्यत व इफ़ादिय्यत पर ऐसी ही म-दनी बहारें मुला-ह़ज़ा फ़रमाइये।

﴾1﴿ मजूसी का क़बूले इस्लाम

हिन्द के मश्हूर शह्र बम्बई के एक नौ मुस्लिम इस्लामी भाई जहांगीर अ़त्तारी जो पहले आतश परस्त (या'नी आग की

www.dawateislami.net

पूजा करने वाले) थे उन का बयान अल्फ़ाज़ की कमी बेशी के साथ कुछ इस त़रह़ है कि दामने इस्लाम में आने से क़ब्ल मैं आतश परस्त था, मेरा बात़िन कुफ़्रो शिर्क के अंधेरों में डूबा हुवा था, मा'बूदे बरह़क़ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से ग़ाफ़िल और ग़ैर मुस्लिमों और आतश परस्तों की बेहूदा रुसूमात का आ़मिल था। चूंकि ईमान की अनमोल ने'मत से ख़ाली था तभी नफ़्सानी ख़्वाहिशात की तक्मील मेरी ज़िन्दगी का मक़्सदे ऐ़न था, दुन्या के बे शुमार नौ जवानों की त़रह़ मुझ पर भी एक नामवर फ़िल्मी एक्टर बनने का भूत सुवार था और इसी मक़्सद के ह़ुसूल के लिये एक फ़िल्म इन्डस्ट्री में बत़ौरे एक्टर काम करता था, औ़रतों के साथ मिलने जुलने, बातचीत करने, उन के साथ अपने अवक़ात बसर करने और बेहूदा मुआ़-मलात में ह़िस्सा लेने में कुछ आ़र मह़सूस न करता था, दुन्या कमाने और लज़्ज़ाते दुन्या के ज़रीए़ नफ़्स को तस्कीन पहुंचाने की तगो दौ में मसरूफ़ रहता था। बिल आख़िर मैं फ़िल्मी दुन्या में मश्हूरो मा'रूफ़ एक्टर के त़ौर पर मु-तआ़रिफ़ होने लगा, दो फ़िल्में रीलीज़ होने वाली थी, कई फ़िल्मों के लिये साइन किये हुए थे मगर ह़क़ीक़त में येह शैत़ान का बुना हुवा एक मज़बूत़ जाल था जिस में बुरी त़रह़ गिरिफ़्तार था। मुरझाए पौदे को पानी के ज़रीए़ हरा करना या बुझते दिये को दोबारा शो'लाज़न करना अगर्चे क़ाबिले ता'रीफ़ है मगर नया गुलशन आबाद करना और अंधेरे में उजाला करना इस से ज़ियादा लाइक़े तह़्सीन है, इसी ह़क़ीक़त के मिस्दाक़ मेरे कुफ़्र

www.dawateislami.net

की तारीकी में डूबे दिल में नूरे इस्लाम और श-जरे ईमान कुछ इस त़रह़ नुमूदार हुवा कि मेरी वालिदा म-दनी चेनल देखा करती थीं, तो मैं चेनल तब्दील कर दिया करता था, इसी त़रह़ वक़्त गुज़रता रहा, मेरी क़िस्मत का सितारा चमका कि एक दिन ख़याल आया कि आख़िर येह लोग क्या कहते हैं ? इन के न-ज़रिय्यात क्या हैं ? यूं एक दिन म-दनी चेनल देखने का मौक़अ़ मिला, येह चेनल दीगर तमाम चेनलों से बिल्कुल मुख़्तलिफ़ था लिहाज़ा इस पर नश्र होने वाला सिल्सिला देखने लगा, म-दनी चेनल पर सिल्सिला करने वाले मुबल्लिग़े दा'वते इस्लामी निगाहें झुकाए, सर पर सब्ज़ इमामे शरीफ़ का ताज सजाए हुए थे और अपने दिल लुभाने वाले अन्दाज़ में इस्लाह़े आ'माल का दर्स दे रहे थे। मुसल्मान इस से क़ब्ल बहुत देखे थे मगर आज एक मुन्फ़रिद मुसल्मान अपनी आंखों से देख रहा था। यूं मैं उन की बातें सुनने में मश्ग़ूल हो गया और फिर इस के बा'द म-दनी चेनल देखना मेरा मा'मूल बन गया। म-दनी चेनल पर आने वाले और इस्लाम की ह़क़ीक़ी तरजुमानी करने वाले आ़शिक़ाने रसूल ख़ुसूसन शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه का नूरानी जल्वा और आप के मह़ब्बत भरे अल्फ़ाज़ मेरी मज़्हबे इस्लाम से मह़ब्बत का सबब बन गए, मैं जब म-दनी चेनल देखता मुझे एक क़ल्बी सुकून नसीब होता, इस त़रह़ रफ़्ता रफ़्ता मेरे दिलो दिमाग़ पर चढ़ी कुफ़्र की सियाही दूर होने लगी और ईमान की रोशनी मेरे बात़िन में

www.dawateislami.net

फ़रोज़ां होती गई, मज़्हबे इस्लाम की ह़क़्क़ानियत मुझ पर आशकार हो गई और हिदायत व गुमराही की तमीज़ मुझ पर इ़यां हो गई चुनान्चे मैं ने मज़्हबे इस्लाम क़बूल करने का फ़ैसला कर लिया और इस मक़्सद की तक्मील के लिये मैं ने दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** के मत़्बूआ़ एक रिसाले का सहारा लिया, उस के पीछे लिखे नम्बर पर फ़ोन किया और दा'वते इस्लामी के एक ज़िम्मादार इस्लामी भाई से राबित़ा कर के उन से अपनी दिली ख़्वाहिश का इज़्हार किया, उन इस्लामी भाई ने हाथों हाथ **कलिमए त़य्यिबा** (لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ) पढ़ा कर मुझे दाइरए इस्लाम में दाख़िल कर लिया, मेरे अहले ख़ाना भी दामने इस्लाम से वाबस्ता हो गए । इस्लाम लाने के बा'द दा'वते इस्लामी के ज़िम्मादार इस्लामी भाइयों ने मुझ से राबित़ा किया और मुझे अपनी तरकीब में ले लिया ।

एक ग़ैर मुस्लिम घराने में परवरिश पाने वाले का इस्लाम क़बूल करना कोई आसान काम नहीं, न उसे छुपाए रखना मुम्किन है लिहाज़ा जब ख़ानदान वालों को मेरे इस्लाम लाने का पता चला तो एक त़ूफ़ान खड़ा हो गया और मुझ पर सख़्तियों का सिल्सिला शुरूअ़ हो गया मगर चूंकि اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ मज़्हबे इस्लाम की सच्चाई मुझ पर वाज़ेह़ हो चुकी थी और इस की पाकीज़ा ता'लीमात दिल में घर कर चुकी थीं लिहाज़ा मेरे पाए इस्तिक़्लाल में लग़्ज़िश न आई और मैं दीने इस्लाम पर साबित क़दम रहा ।

www.dawateislami.net

मेरा ज़रीअए मआ़श फ़िल्म इन्डस्ट्री का काम था और इसी से मेरा गुज़र बसर होता था, इस्लाम लाने के बा'द येह गुनाहों भरा काम छोड़ने का ज़ेह्न बनता मगर नफ़्सो शैत़ान आड़े आते और फ़क़्रो फ़ाक़ा व बे रोज़गारी के ख़ौफ़ से डराते, यूं मैं नाकाम रहता। वक़्त इसी त़रह़ गुज़रता रहा बिल आख़िर **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का मुझ पर करम हो गया और इस आफ़त से भी नजात का सामान हो गया, हुवा कुछ इस त़रह़ कि एक दिन जब मैं ने म-दनी चेनल लगाया तो उस पर साबिक़ा गुलूकार और मौजूदा ना'त ख़्वां जुनैद शैख़ अ़त्त़ारी की ज़िन्दगी में आने वाले म-दनी इन्क़िलाब का तज़्किरा चल रहा था (जिन की म-दनी बहार शैख़े त़रीक़त अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने अपने रिसाले **''क़ब्र की पहली रात''** में ज़िक्र फ़रमाई है) जब मैं ने उन्हें सुन्नतों से आरास्ता देखा तो मेरी ढारस बंधी, उन के जोशे ईमानी को देख कर मेरा ह़ौसला बढ़ा, मैं सोचने लगा कि जब येह अपनी क़ब्रो आख़िरत की बेहतरी की ख़ात़िर गुलूकारी छोड़ सकते हैं तो मैं फ़िल्मी अदाकारी क्यूं नहीं छोड़ सकता, इन्हों ने इमामा शरीफ़ सजा लिया, दाढ़ी शरीफ़ रख ली और साबिक़ा मा'मूलाते ज़िन्दगी छोड़ कर सुन्नतों भरी ज़िन्दगी अपना ली है, मेरा माज़ी का अन्दाज़े ज़िन्दगी इन से ज़ियादा मुख़्तलिफ़ नहीं है तो जब येह गुनाहों भरी ज़िन्दगी छोड़ कर नेकियों की शाहराह पर गामज़न हो सकते हैं तो मैं राहे सुन्नत का मुसाफ़िर क्यूं नहीं बन सकता, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रह़मत ने इन्हें बे सहारा न छोड़ा तो वोह मेरा भी तो रब عَزَّوَجَلَّ है, मुझे उस की ज़ात पर भरोसा करना चाहिये और उस की रह़मत से

www.dawateislami.net

उम्मीद रखनी चाहिये चुनान्चे उन की म-दनी बहार देखने के बा'द मैं ने पक्का इरादा कर लिया कि मैं फ़िल्म इन्डस्ट्री को छोड़ दूंगा और इस्लामी अह़काम पर दिलो जान से अ़मल करूंगा। इस के बा'द मैं ने येह नेक क़दम उठाया और अपनी निय्यत को अ़-मली जामा पहनाया। कहते हैं "निय्यत साफ़ मन्ज़िल आसान" बस इसी क़ौल के मिस्दाक़ मेरी मुश्किलात आसान होती गईं और तमाम आज़्माइशें ज़ाइल हो गईं। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के फ़ज़्लो करम से मैं ने मुकम्मल तौ़र पर गुनाहों भरे कामों से दूरी इख़्तियार कर ली और दा'वते इस्लामी के बा अ़मल आ़शिक़ाने रसूल की पाकीज़ा सोह़बत में रहने लगा, अच्छा रोज़गार भी मिल गया। फिर जल्द ही मुझ पर म-दनी रंग चढ़ने लगा, सर पर सब्ज़ इ़मामा शरीफ़ सजा लिया, दाढ़ी शरीफ़ बढ़ाना शुरूअ़ कर दी, सफ़ेद लिबास पहनने के साथ साथ म-दनी चादर भी इ़मामे शरीफ़ के ऊपर ओढ़ने लगा, जूं जूं म-दनी माह़ोल में वक़्त गुज़रता गया मेरे इ़ल्म व अ़मल में इज़ाफ़ा होता गया, दिल नेकी की जानिब माइल होता गया। सुन्नतें सीखने, दूसरों को सिखाने और दीने इस्लाम का पैग़ाम आ़म करने के जज़्बे के तह़्त म-दनी क़ाफ़िलों में सफ़र करना अपना मा'मूल बना लिया। **औलियाउल्लाह** का फ़ैज़ान पाने और शैत़ान के हथकन्डों से ख़ुद को बचाने के लिये शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه का मुरीद भी हो गया। आप دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه के अ़त़ा कर्दा म-दनी मक़्सद **"मुझे अपनी और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश करनी है"** को अपना मक़्सदे ह़यात बना लिया।

www.dawateislami.net

मेरी उन तमाम लोगों से म-दनी इल्तिजा है जो येह कहते हैं कि हम बदल नहीं सकते, येह ख़याल अपने दिलो दिमाग़ से निकाल दें, आप बस हिम्मत कीजिये और दा'वते इस्लामी के सुन्नतों भरे इज्तिमाआ़त में पाबन्दी के साथ शिर्कत कीजिये, घर में म-दनी चेनल देखने की तरकीब बनाइये, اِنْ شَآءَاللہ عَزَّوَجَلَّ आप ख़ुद अपने अन्दर तब्दीली महसूस करेंगे और नेकियां करने और बुराइयों से बचने वाले बन जाएंगे।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! जहांगीर अ़त्तारी के इस्लाम क़बूल करने में जहां म-दनी चेनल का शानदार किरदार है वहीं इन की ज़िन्दगी में अ़-मली त़ौर पर जो म-दनी इन्क़िलाब बरपा हुवा उस में जुनैद शैख़ अ़त्तारी की म-दनी बहार का बड़ा अ़मल दख़्ल है कि उन की म-दनी बहार की ब-र-कत से इन नौ मुस्लिम इस्लामी भाई का फ़िल्मी एक्टर बनने का शौक़ ख़त्म हुवा और सुन्नत के मुत़ाबिक़ ज़िन्दगी गुज़ारने और जहां भर में नेकी की दा'वत आ़म करने का ज़ौक़ इन्हें नसीब हुवा, यूं कुफ़्र के ख़ातिमे के साथ बे अ़-मली का दाग़ भी इन के दामन से दूर हुवा, इस बात से म-दनी बहारों के छपने, इन के शाएअ़ होने और ब ज़रीअ़ए म-दनी चेनल टेलीकास्ट होने की अहम्मिय्यत व अफ़ादियत का बख़ूबी अन्दाज़ा लगाया जा सकता है। येह ह़क़ीक़त है कि हर आदमी कोई भी नया काम करने से क़ब्ल हिच-किचाता और घबराता है, मगर जब औरों को वोही काम करते देखता है तो उस के अन्दर भी हिम्मत पैदा होती है, लिहाज़ा म-दनी माह़ोल से

www.dawateislami.net

वाबस्ता इस्लामी भाइयों को चाहिये कि वोह अपनी म-दनी बहारें तह़रीरी सूरत में मत़लूबा एड्रेस पर इरसाल फ़रमाएं ताकि इन म-दनी बहारों के ज़रीए अ़मल से दूर और सुन्नतों से मह़रूम लोगों के लिये तरग़ीब का सामान हो और बा अ़मल आ़शिक़ाने रसूल में मज़ीद नेकियों का जज़्बा बेदार हो, वाक़ेई किस क़दर ख़ुश नसीब हैं वोह इस्लामी भाई जिन की म-दनी बहार के सबब दूसरे मुसल्मान भाइयों की इस्लाह़ होती है। आप भी हिम्मत कीजिये और शैत़ान के वार को नाकाम बनाते हुए अपनी ज़िन्दगी में रूनुमा होने वाली म-दनी बहार लिख कर भेज दीजिये ताकि आप की बहार किसी रिसाले की ज़ीनत बने।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! येह याद रहे कि म-दनी इन्क़िलाब या'नी गुनाहों भरी ज़िन्दगी छोड़ कर सुन्नतों भरी ज़िन्दगी अपनाना ही सिर्फ़ म-दनी बहार नहीं है बल्कि इस में ईमान अफ़्रोज़ वफ़ात, ता'वीज़ाते अ़त्तारिय्या की म-दनी बहार, म-दनी क़ाफ़िले की ब-र-कत से ठीक होने वाली बीमारी या ह़ल होने वाली परेशानी के वाक़िआ़त या म-दनी चेनल या हफ़्तावार सुन्नतों भरे इज्तिमाअ़ से ह़ासिल होने वाले फ़ुयूज़ो ब-रकात अल ग़रज़ हर वोह म-दनी बहार जिस के ज़रीए दा'वते इस्लामी के बारगाहे ख़ुदा वन्दी में मक़्बूल होने का पता चले और म-दनी माह़ोल की अहम्मिय्यत व अफ़ादियत का अन्दाज़ा हो सके, म-दनी बहार के ज़ुमरे में आता है। म-दनी बहार फ़ॉर्म के शुरूअ़ में लिखी हिदायत भी इस ह़वाले से मुफ़ीद है।

صَلُّوْا عَلَى الْحَبِيْب! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

www.dawateislami.net

﴾2﴿ म-दनी बुरक़अ़ पहन लिया

एक इस्लामी बहन के बयान का मफ़्हूम कुछ इस त़रह़ है : इस्लामी बहनों के पर्दा करने की शरीअ़ते इस्लामिया में बड़ी अहम्मिय्यत है और इस पर अ़मल की सख़्त ताकीद है मगर अफ़्सोस ! मैं इस हुक्मे इस्लाम से ग़ाफ़िल थी और बे पर्दगी की आफ़त में मुब्तला थी। इस के इ़लावा फ़िल्में डिरामे देखने की भी आ़दी थी। मेरी बे अ़-मली के म-दनी इ़लाज की तरकीब कुछ इस त़रह़ बनी कि एक रोज़ म-दनी चेनल लगाया तो उस पर एक ग़ैर मुस्लिम एक्टर के इस्लाम क़बूल करने की म-दनी बहार का तज़्किरा चल रहा था, इस्लाम लाने वाले वोह ख़ुश नसीब इस्लामी भाई अपनी बहार ख़ुद ही बयान कर रहे थे और गुलशने इस्लाम की सदाक़त का परचार कर रहे थे। क़बूले इस्लाम की इस म-दनी बहार ने मुझ पर अपना ऐसा असर किया कि मेरे अन्दर भी म-दनी इन्क़िलाब बरपा हो गया, दिल में इत़ाअ़ते इस्लाम का जज़्बा पैदा हो गया, शर-ई पर्दा करने और गुनाहों से बचने का ज़ेह्न बन गया। اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ म-दनी चेनल पर नश्र होने वाली इस म-दनी बहार की ब-र-कत से मुझे शर-ई पर्दा करना नसीब हो गया, फ़िल्में डिरामे देखने की मेरी आ़दत छूट गई और इस्लाम के अह़काम के मुत़ाबिक़ ज़िन्दगी बसर करने की तौफ़ीक़ मिलने लगी। अब हमारे घर में सिर्फ़ और सिर्फ़ म-दनी चेनल ही चलता है और हम इस पर नश्र होने वाले शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه के म-दनी मुज़ा-करे और दीनी मा'लूमात

www.dawateislami.net

से मालामाल सुन्नतों भरे सिल्सिले देखते हैं। اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ जब से म-दनी चेनल देखना शुरूअ़ किया है दिन ब दिन अ़मल में इज़ाफ़ा होता जा रहा है और इल्मे दीन का ढेरों ख़ज़ाना हाथ आ रहा है।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! देखा आप ने कि किस त़रह़ म-दनी बहार से म-दनी बहार आ रही है और इ़स्यां की तारीकियां छट रही हैं। बिला शुबा इस्लामी बहनों का पर्दा करना निहायत ज़रूरी है और येह हुक्मे इलाही है, जैसा कि पारह 22 **सू-रतुल अह़ज़ाब** की आयत नम्बर 33 में पर्दे का हुक्म देते हुए परवर दगार عَزَّوَجَلَّ इर्शाद फ़रमाता है :

وَقَرْنَ فِیْ بُیُوْتِكُنَّ وَلَا تَبَرَّجْنَ تَبَرُّجَ الْجَاهِلِیَّةِ الْاُوْلٰى **तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान :** और अपने घरों में ठहरी रहो और बे पर्दा न रहो जैसे अगली जाहिलिय्यत की बे पर्दगी।

ख़लीफ़ए आ'ला ह़ज़रते सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी عَلَیْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْهَادِی इस के तह़्त फ़रमाते हैं : **''अगली जाहिलिय्यत से मुराद क़ब्ले इस्लाम का ज़माना है, उस ज़माने में औ़रतें इतराती निकलती थीं, अपनी ज़ीनत व महासिन (या'नी बनाव सिंघार और जिस्म की ख़ूबियां म-सलन सीने के उभार वग़ैरा) का इज़्हार करती थीं कि ग़ैर मर्द देखें। लिबास ऐसे पहनती थीं जिन से जिस्म के आ'ज़ा अच्छी त़रह़ न ढकें।''** (ख़ज़ाइनुल इरफ़ान, स. 673)

صَلُّوْا عَلَی الْحَبِیْب! صَلَّی اللّٰهُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

www.dawateislami.net

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! मुसल्मानों के क़ुलूब में हुब्बे ख़ुदा और इ़श्क़े मुस्त़फ़ा की शम्अ़ फ़रोज़ां करने के अ़ज़ीम मक़्सद के तह़्त तब्लीगे़ क़ुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक दा'वते इस्लामी ने जहां मुख़्तलिफ़ ज़राइए़ इब्लाग़ को अपनाया वहीं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के मैदान में भी मूसीक़ी और ख़ुराफ़ात से पाको साफ़ **''म-दनी चेनल''** की ट्रान्समीशन का आग़ाज़ कर के सुन्नतों का पैग़ाम हर एक मुसल्मान तक पहुंचाने में एक अहम किरदार अदा किया है। लोगों की इस्लाह़ की ख़ातिर म-दनी चेनल पर मुख़्तलिफ़ ईमान अफ़्रोज़ सिल्सिलों की तरकीब होती है, म-दनी चेनल पर इस्लामी भाइयों की म-दनी बहार उन्ही की ज़बानी सुनी जाती है, ताकि ह़ाज़िरीन व नाज़िरीन उन से इ़ब्रत ह़ासिल करें और उन की त़रह़ दा'वते इस्लामी के मुश्कबार म-दनी माह़ोल से वाबस्ता हो कर नमाज़ों के पाबन्द और सुन्नतों के आईना दार बन कर अपनी क़ब्रो आख़िरत को संवारने वाले बन जाएं, म-दनी बहारों के ज़रीए़ नेकी की दा'वत आ़म करने के अ़ज़ीम जज़्बे के तह़्त म-दनी बहारों की एक Website तय्यार की गई है।

वेबसाइट का मुख़्तसर तआ़रुफ़

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! म-दनी बहारों के रंगारंग फूलों से मुश्कबार होने के लिये म-दनी बहारों की Website का विज़िट करना भी इन्तिहाई मुफ़ीद साबित होगा, इस Website

www.dawateislami.net

का एड्रेस madanibaharain.dawateislami.net है। इस में म-दनी बहारों के ह़वाले से आप को ढेरों ढेर मा'लूमात का ख़ज़ाना हाथ आएगा। इस Website का मुख़्तसर तआ़रुफ़ कुछ यूं है कि सब से पहले जूं ही आप इस Website में दाख़िल होंगे तो आप को म-दनी बहारों के ख़ूब सूरत बेनर्ज़ लगे हुए नज़र आएंगे जो मुख़्तलिफ़ मौज़ूआ़त की म-दनी बहारों के रसाइल के नाम और दीगर चीज़ों की मा'लूमात से मुज़य्यन किये गए हैं, मज़ीद इस में Media Gallery है जिस में आप न सिर्फ़ बहारें सुन सकते हैं बल्कि साहि़बे म-दनी बहार की ज़िन्दगी में रूनुमा होने वाले म-दनी निखार को अपने सर की आंखों से देख भी सकते हैं कि किस त़रह़ एक वलिय्ये कामिल की नज़रे विलायत से मॉडर्न नौ जवान सुन्नतों के आईना दार बन कर अपनी ज़िन्दगी बसर कर रहे हैं, इस के इ़लावा इस में क़बूले इस्लाम की म-दनी बहारें, उ़-लमाए दा'वते इस्लामी की म-दनी बहारें, दा'वते इस्लामी कहां नहीं और अराकीने शूरा की म-दनी बहारें जो कि इस Website की जान हैं मुला-ह़ज़ा कर सकते हैं, इस के इ़लावा इस Website में एक फ़ोल्डर book के नाम से है जिस में मक-त-बतुल मदीना के शाएअ़ कर्दा म-दनी बहारों के मुख़्तलिफ़ मौज़ूआ़त के मु-तअ़द्दद रसाइल मौजूद हैं, जिन्हें न सिर्फ़ आप पढ़ सकते हैं बल्कि बा आसानी डाउन लोड भी कर सकते हैं, मज़ीद इस में Introduction के नाम से एक अहम फ़ोल्डर है जिस में म-दनी बहारें लिखने की एह़तियात़ें, निय्यतें

www.dawateislami.net

और अहम्मिय्यत के म-दनी फूल अपनी ख़ुश्बूएं लुटा रहे हैं जिन की ब-र-कत से म-दनी बहारों के ह़वाले से ज़ेह्न में उभरने वाले इश्कालात का क़ल्अ़ क़म्अ़ भी कर सकते हैं, इस के इ़लावा इस Website में एक फ़ोल्डर Service के नाम से है इस में न सिर्फ़ सिल्सिलए आ़लिया क़ादिरिय्या अ़त्तारिय्या में मुरीद और त़ालिब बनने के फ़ॉर्म मौजूद हैं बल्कि ईमेल और एसएमएस के ज़रीए़ क़ादिरी र-ज़वी अ़त्तारी बनने का त़रीक़ा भी मौजूद है। मज़ीद इस में म-दनी बहारों के फ़ॉर्म हैं और म-दनी बहार लिख कर ईमेल करने के option (ओपशन) के बारे में भी मा'लूमात फ़राहम की गई है।

बराए ख़ाके मदीना ! अगर दा'वते इस्लामी के फ़ैज़ान की कोई म-दनी बहार आप की ज़िन्दगी में वुक़ूअ़ पज़ीर हुई हो तो म-दनी बहारों की Website में मौजूद एह़तियात़ों और अच्छी अच्छी निय्यतों के साथ ज़रूर ब ज़रूर इरसाल फ़रमाएं, क्या बईद आप की येह म-दनी बहार किसी की ज़िन्दगी में म-दनी इन्क़िलाब बरपा होने का बाइ़स बन जाए यूं जहां उसे ब-र-कतें मिलेंगी वहीं आप को भी ढेरों ढेर नेकियों का ख़ज़ाना हाथ आ सकता है।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! हर काम का कोई न कोई मक़्सद होता है जिस की वज्ह से वोह काम सर अन्जाम दिया जाता है, दा'वते इस्लामी की अ़ज़ीम इ़ल्मी मजलिस "**अल मदीनतुल इ़ल्मिय्या**" के शो'बए "**अमीरे अहले सुन्नत**" के

www.dawateislami.net

तह़्त मुख़्तलिफ़ मौज़ूआ़त पर मुश्तमिल म-दनी बहारों को ज़रूरी तरमीम के बा'द रिसाले की सूरत में शाएअ़ किया जाता है, इस के मक़ासिद क्या हैं ? इस के दीनी व दुन्यवी फ़वाइद क्या हैं ? ज़ैल में इस का बयान किया जा रहा है, ताकि म-दनी बहार पढ़ने वाले इस मक़्सद को मद्दे नज़र रखें और ज़ियादा से ज़ियादा फ़वाइद ह़ासिल करने में काम्याब हो जाएं।

सुवाल : म-दनी बहारें बयान करने का मक़्सद क्या है ?

जवाब : येह एक ना क़ाबिले फ़रामोश ह़क़ीक़त है कि किसी भी चीज़ की मुकम्मल अहम्मिय्यत उस वक़्त ज़ाहिर होती है जब उस की अस्ल और माज़ी की सूरते ह़ाल को पेशे नज़र रख कर उस की मौजूदा सूरते ह़ाल को देखा जाए, ब ज़ाहिर पकी हुई रोटी हमें मा'मूली मा'लूम होती है मगर जब हम बालियों से गन्दुम के निकलने, चक्की में पिसने और दुकान दार से ख़रीद कर आटा गूंधने के अ़मल से ले कर चूल्हे पर पकने तक के अ़मल को देखते हैं तो हमें इस की अहम्मिय्यत का अन्दाज़ा होता है, बिल्कुल इसी त़रह़ ऐसे लोग जो अपनी तौबा से क़ब्ल मुख़्तलिफ़ गुनाहों में मुब्तला थे और बा'द में सुन्नतों के आ़मिल बन कर नेकी की दा'वत आ़म करने की सआ़दत पाने वाले बन गए, तो ऐसे लोगों के अह़वाल सीरत निगारों ने बड़ी शर्ह़ो बस्त़ (या'नी तफ़्सील) के साथ बयान किये हैं ताकि उन की ज़िन्दगियों में आने वाले म-दनी इन्क़िलाब की सह़ीह़ अहम्मिय्यत उजागर हो सके और हिदायते रब्बानी की वुक़ूअ़त का अन्दाज़ा हो सके

www.dawateislami.net

और इस बात का इल्म हो सके कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की रह़मत के आगे गुनाह ख़्वाह कितने ही क्यूं न हों कुछ हैसिय्यत नहीं रखते।

म-दनी बहारों के ज़रीए़ किसी के गुनाहों का परचार करना मक़्सूद नहीं होता, बल्कि उन की ज़िन्दगी में आने वाले म-दनी इन्क़िलाब के बयान के ज़रीए़ आ़म मुसल्मानों को भी सुन्नतों भरी ज़िन्दगी गुज़ारने की दा'वत दी जाती है, ताकि लोग गुनाहों से दूर और म-दनी माह़ोल से क़रीब हो जाएं नीज़ ऐसे लोग भी अपनी इस्लाह़ की कोशिश करें कि जो समझते हैं कि शायद हम तो सुधर ही नहीं सकते।

सुवाल : म-दनी बहारों के रिसाले के आख़िर में म-दनी बहार लिखने की तरग़ीब दिलाई जाती है तो म-दनी बहार लिखने में क्या क्या एह़तियातें करनी चाहिएं ?

जवाब : म-दनी बहारें लिखना और लिखवाना एक अहम काम है लिहाज़ा इस में बहुत सी बातों का लिह़ाज़ रखना निहायत ज़रूरी है वरना बे एह़तियाती की सूरत में गुनाह में पड़ने और झूट की आफ़त में फंसने का क़वी अन्देशा है, म-दनी बहार लिखने में दर्जे ज़ैल बातों से बचना बहुत ज़रूरी है :

﴾1﴿ अपने साबिक़ा गुनाहों को बढ़ा चढ़ा कर बयान करना।

﴾2﴿ किसी फ़र्दे मुअ़य्यन, जैसे मां बाप, भाई बहन वग़ैरा की ग़ीबत करना।

﴾3﴿ अपनी किसी नाज़ैबा आ़दत को ग़ैर मुहज़्ज़ब अन्दाज़ में पेश करना।

www.dawateislami.net

﴾4﴿ किसी पर इल्ज़ाम तराशियां करना । ﴾5﴿ अपने घरेलू मसाइल को बिला वज्ह बयान करना ।

﴾6﴿ ग़ैर ज़रूरी चीज़ों में जा पड़ना वग़ैरा । येह चीज़ें न मत़लूब हैं और न ही इन से किसी चीज़ का हुसूल, फिर म-दनी बहारों से जो मक़्सूद है उस से कोसों दूर, लिहाज़ा मज़्कूरा चीज़ों से इज्तिनाब करना बहुत ज़रूरी है । इसी त़रह़ जब अपनी ज़िन्दगी में रूनुमा होने वाले म-दनी इन्क़िलाब को बयान करें तब भी कुछ बातों का ख़याल रखें म-सलन : ﴾1﴿ अपनी नेकियों में बे जा मुबा-लग़े से बचें ।

﴾2﴿ किसी फ़र्द के मुक़ाबले में अपनी फ़ौक़िय्यत (बर-तरी) ज़ाहिर करने और ख़ुद अपनी ता'रीफ़ करने से इज्तिनाब करें ।

﴾3﴿ इस मुस्बत तब्दीली में अपने ज़ाती कमाल के बजाए मददे इलाही को कार फ़रमा समझें ।

﴾4﴿ बहुत कुछ पाने और कसीर ख़िदमते दीन बजा लाने के बा वुजूद ख़ौफ़े ख़ुदा रखते हुए और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ख़ुफ़्या तदबीर से डरते हुए इन आ'माले सालिह़ा की क़बूलिय्यत की दुआ़ कीजिये और बहर सूरत आ़जिज़ी व इन्किसारी के दामन को थामे रहें ।

﴾5﴿ अपने किसी मक़ाम व मर्तबा, इस्लामी मन्सब व ज़िम्मादारी या किसी ने'मते ख़ुदा वन्दी को बयान करें तो तह़दीसे ने'मत (या'नी ने'मते ख़ुदा वन्दी का चरचा करने) की निय्यत को पेशे नज़र रखते हुए उस का ज़िक्र कीजिये ताकि रियाकारी और हुब्बे

www.dawateislami.net

जाह की तबाहकारी से हिफ़ाज़त हो सके।

दा'वते इस्लामी के म-दनी मक़्सद **"मुझे अपनी और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश करनी है"** को मद्दे नज़र रखते हुए अच्छी अच्छी निय्यतों के साथ अपनी बहार लिख कर जम्अ़ करवाइये और दो जहां की भलाइयों का अपने आप को ह़क़दार बनाइये।

सुवाल : म-दनी बहारें बयान करते या लिखते वक़्त क्या निय्यतें होनी चाहिएं ?

जवाब : म-दनी बहार लिखते वक़्त अगर दर्जे ज़ैल निय्यतें कर ली जाएं तो ढेरों ढेर सवाब के ह़क़दार बन सकते हैं ﴾1﴿ म-दनी बहारें चूंकि नेकी की दा'वत का ज़रीआ़ हैं लिहाज़ा मैं अपनी म-दनी बहार के ज़रीए़ नेकी की दा'वत आ़म करूंगा ﴾2﴿ दूसरों की तरग़ीब व तह़रीस का सामान करूंगा ﴾3﴿ अच्छे माह़ोल (जो कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की एक ने'मत है) की ब-र-कतों का परचार करूंगा ﴾4﴿ शोहरत और हुब्बे जाह (अपनी इ़ज़्ज़त बढ़ने की ख़्वाहिश) से बचते हुए नेकियों का तज़्किरा सिर्फ़ तह़दीसे ने'मत के लिये करूंगा ﴾5﴿ मुसल्मानों को गुनाहों से बचाने के लिये इन की तबाह कारियों का तज़्किरा करूंगा ﴾6﴿ म-दनी बहार के ज़रीए दा'वते इस्लामी के जुम्ला म-दनी कामों (म-सलन म-दनी चेनल, म-दनी मुज़ा-करा, दर्से फ़ैज़ाने सुन्नत, सुन्नतों भरे इस्लाही बयानात वग़ैरा) की तरग़ीब का ज़रीआ़ बनूंगा ﴾7﴿ सुन्नतों भरे इज्तिमाअ़ में शिर्कत, म-दनी क़ाफ़िले

www.dawateislami.net

में सफ़र और म-दनी इन्आ़मात पर अ़मल का ज़ेह्न देने की कोशिश करूंगा ﴾8﴿ म-दनी बहार बयान करते हुए दूसरे मुसल्मानों की ग़ीबत से बचूंगा ﴾9﴿ फ़ुज़ूल बातों और बेकार त़वालत से गुरेज़ करूंगा ﴾10﴿ झूटे मुबा-लगे़ से इज्तिनाब करूंगा ﴾11﴿ कोई ऐसी बात ज़िक्र नहीं करूंगा जिस से दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल की बदनामी होती हो ﴾12﴿ दूसरों के ऐ़ब नहीं उछालूंगा।

सुवाल : अगर कोई इस्लामी भाई ख़ुद म-दनी बहार नहीं लिख सकता तो क्या किसी दूसरे इस्लामी भाई से बहार लिखवा सकता है ?

जवाब : ख़ुद लिखना नहीं जानता तो किसी दूसरे इस्लामी भाई से म-दनी बहार लिखवाने में कोई ह़रज नहीं।

सुवाल : क्या म-दनी बहार लिखने की तरग़ीब दिलाना भी नेकी की दा'वत है ?

जवाब : जी हां, कि इस त़रह़ म-दनी माह़ोल से वाबस्ता होने वाले इस्लामी भाई से म-दनी इन्क़िलाब का इज़्हार करवा कर अ़मल से दूर और नेकियों से मह़रूम मुसल्मानों के लिये तरग़ीब का सामान करना है जो बिला शुबा नेकी की दा'वत के ज़ुमरे में आता है।

सुवाल : म-दनी बहार लिखवाने की तरग़ीब दिलाते वक़्त क्या निय्यत होनी चाहिये ?

जवाब : म-दनी माह़ोल से वाबस्ता होने वाले नए इस्लामी

www.dawateislami.net

भाइयों को म-दनी बहार लिखने की तरग़ीब देते वक़्त येह निय्यत होनी चाहिये कि इस की म-दनी बहार सुन या पढ़ कर क्या बईद किसी इस्लामी भाई की ज़िन्दगी में म-दनी इन्क़िलाब आ जाए, गुनाहों के आ़दी ताइब हो कर सुन्नतों भरी ज़िन्दगी गुज़ारने वाले बन जाएं। यूं मेरे लिये स-द-क़ए जारिया की सूरत बन जाए।

सुवाल : क्या बुज़ुर्गाने दीन رَحِمَهُمُ اللهُ الْمُبِيْن से वाक़िआ़त बयान करना साबित है ?

जवाब : जी हां, बा'ज़ बुज़ुर्गों ने भी बत़ौरे नसीह़त और सामाने इ़ब्रत के लिये अपनी ज़िन्दगी में रूनुमा होने वाले वाक़िआ़त को बयान फ़रमाया है और सीरत निगारों ने उन वाक़िआ़त को अपनी किताबों में लिख कर मह़फ़ूज़ किया ताकि आने वाली नस्लें इन से फ़ैज़याब हो कर मक़्सदे ह़यात जान सकें।

सुवाल : क्या फ़रमाते हैं उ़-लमाए किराम इस मस्अले के मु-तअ़ल्लिक़ कि :

हमारे म-दनी माह़ोल में बहारें लिखी और लिखवाई जाती हैं बल्कि अब रेकॉर्ड करने और म-दनी चेनल पर चलाने का भी सिल्सिला है। बसा अवक़ात बहार बयान करने वाला बिला मक़्सद ग़ीबत का मुर-तकिब हो जाता है (म-सलन : मां ज़ुल्म करती, बाप ने तरबियत न की लेकिन कभी इस का बयान इस लिये किया जाता है कि वालिद साह़िब को कुछ अ़र्से बा'द दा'वते इस्लामी का माह़ोल समझ आ गया), इसी त़रह़ ऐसे

www.dawateislami.net

गुनाहों का इज़्हार कर देता है कि जो मुआ़-शरे में घटिया जाने जाते हैं। म-सलन ज़िना, लिवात़त वग़ैरा।

दरयाफ़्त त़लब उमूर येह हैं कि : ﴾1﴿ इस त़रह़ के गुनाहों का म-दनी बहारों में इज़्हार करना कैसा ? ﴾2﴿ बहार फ़ॉर्म में नाम व नम्बर भी होता है, क्या शो'बए तह़रीर या म-दनी चेनल ज़िम्मादारान को इन की तौबा करवाना लाज़िम है ? ﴾3﴿ तह़रीर की जगह video से शख़्सिय्यत ज़ियादा वाज़ेह़ होती है, इस में क्या क्या एह़तियातें करनी चाहिएं ? (शो'बए म-दनी बहारें)

जवाब : म-दनी बहार लिखने, लिखवाने या रेकॉर्ड कराने से पहले अच्छी त़रह़ तरबियत की जाए कि उस ने किस अन्दाज़ में लिखना या बयान करना है। इसी त़रह़ फ़ॉर्म फ़िल कराते हुए भी हिदायात लिखी हुई होने के साथ साथ ज़बानी त़ौर पर बताई जाएं, जो शख़्स इस के बा वुजूद बिला वज्ह अपने गुनाहों का इज़्हार करता है उस को तौबा करने का कहा जाएगा। (दारुल इफ़्ता अहले सुन्नत)

صَلُّوْا عَلَى الْحَبِيْب! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

सुवाल : म-दनी बहार किसे कहते हैं ?

जवाब : दा'वते इस्लामी के म-दनी माह़ोल में लोगों का म-दनी कामों में से किसी काम से मु-तअस्सिर हो कर अपने गुनाहों को छोड़ कर नेकियों की राह पर गामज़न हो जाना "म-दनी बहार" कहलाता है। याद रखिये ! ह़क़ीक़ी म-दनी बहार वोह है जिस में बन्दा अपने तमाम गुनाहों का ए'तिराफ़ करते हुए नदामत के

www.dawateislami.net

साथ उन्हें छोड़ने, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की बारगाह में सच्ची तौबा करने और नेकियां करने में काम्याब हो जाए । गुनाह अगर क़ाबिले तलाफ़ी हों तो सिर्फ़ तौबा काफ़ी नहीं बल्कि उन की तलाफ़ी भी की जाए म-सलन अगर कोई चोर डाकू था तो वोह तौबा के साथ साथ जिन जिन लोगों का माल चुराया, डराया धमकाया और दिल दुखाया है उन्हें माल वापस करने के साथ साथ उन से मुआ़फ़ी मांग कर उन्हें राज़ी भी करे ।

